आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–20 मार्च 2024 **भोजपुरी समाचार**

देश में सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के पहले चरण की अधिसूचना आज जारी हो गयी है। पिछले लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भी प्रदेश में चुनाव की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हो रही है। पहले चरण में लोकसभा की आठ सीटों–सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत के लिए चुनाव होगा। इन सभी सीटों पर नामांकन के लिए आज संबंधित जिला मुख्यालयों पर पर्चा मिलना शुरू हो गया है। सभी नामांकन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्नीस अप्रैल को इन सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। प्रथम चरण की आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक दशमलव चार तीन करोड़ मतदाता है। इनमें छिहत्तर दशमलव दो तीन लाख पुरूष, सड़सठ दशमलव एक चार लाख महिला, आठ सौ चौबीस थर्ड जेन्डर शामिल हैं।

****

लोकसभा चुनाव के अन्तर्गत अधिक से अधिक मतदान कराये जाने को लेकर प्रदेश भर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान लोगों को मतदान की अहमियत बताने के साथ ही मतदान की अपील भी की जा रही है। जौनपुर में आज कुत्तूपुर तिराहा से सिद्दीकपुर खेल स्टेडियम के बीच रन फॉर वोट मिनी मैराथन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला और पुरूष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों को मतदान करने की शपथ भी दिलायी गयी। इसी क्रम में अमरोहा के जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में मेरा पहला वोट देश के लिये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पहली बार मतदाता बनने वाले विद्यार्थियों को मतदान की शपथ दिलायी गयी। भदोही जनपद में भी विभिन्न गांवों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

****

भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आज राम नगरी अयोध्या के मंदिरों में रंगभरी एकादशी हर्षोउल्लास के बीच मनाई गई। इसी के साथ ही अवधपुरी में 500 वर्षों के इंतजार के बाद भव्य और दिव्य होली के महापर्व का शुरूआत हो गयी। इस अवसर पर राम नगरी अयोध्या के छह हजार से अधिक मंदिरों के गर्भगृह में विराजमान भगवान के विग्रह को ब्रह्ममुहूर्त में साज–सज्जा के साथ आरती कर गुलाल लगाया गया।

उधर, रंग भरी एकादशी के अवसर पर वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा विश्वनाथ की चल प्रतिमा के साथ होली खेली। मान्यता है कि इसके साथ ही काशी में होली की शुरूआत होती है। इस मौके पर डमरू दल ने आकर्षक डमरू वादन की प्रस्तुति कर वातावरण को उल्लासमय बना दिया। दोपहर बाद कॉरिडोर के मंदिर चौक में शास्त्रीय संगीत की प्रख्यात कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुति की गयी। जिसको मंदिर ट्रस्ट के फेसबुक और यूट्यूब पर सीधे देखा गया। इसी क्रम में धर्म नगरी वृंदावन में बसंत पंचमी से बरस रहा होली का आनंद रंगभरी एकादशी पर अपने चरम पर दिखाई दिया। जहां प्रमुख मंदिरों में होली खेलने एवं वृंदावन की पंचकोसीय परिक्रमा कर पुण्य अर्जित करने के लिए देश–विदेश के श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

****

विश्व गौरैया दिवस पर आज प्रदेश भर में लोगों को गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिये विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये।

वाराणसी के ककरमत्ता निवासी अतुल पाण्डेय द्वारा गौरैया को बचाने की मुहिम चलाई जा रही है। इसके अन्तर्गत वे बर्थडे, शादी समारोह या परिवार में किसी की मृत्यु होने पर परिजनों को लकड़ी का बना घोसला और पात्र वितरित करते हैं। साथ ही यह अपील की जाती है कि वो गौरैया संरक्षण के प्रति जागरूक हों। कुशीनगर में वन विभाग की ओर से चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों का यह असर हुआ है कि जिले में गौरैया पक्षी की संख्या में बढ़ोतरी हुई ।

****

प्रदेश के कई जिलों में अचानक गरज और चमक के बाद शुरू हुयी बारिश से मौसम बदल गया है, जिससे एक तरफ जहां लोगों को दिन में गर्मी से राहत मिली है वहीं किसान चिन्तित हो गये हैं। आज सुबह से ही गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, आजमगढ़ और मऊ समेत विभिन्न जिलों में आसमान में बादल छाये हुए हैं। कई जनपदों में सुबह से ही रूक–रूक कर हो रही बारिश ने आम लोगों की दिनचर्या को प्रभावित किया है। मौसम विभाग के अनुसार सोनभद्र, मिर्जापुर, चन्दौली, वाराणसी, गाजीपुर, जौनपुर, बलिया, आजमगढ़, मऊ, देवरिया में मेघ गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने व तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवायें चलने की आशंका व्यक्त की गयी है।

****

बदायूं में हुई दो बच्चों की हत्या के मामले में आज पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। उधर, विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसएसपी को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि एक दिन पूर्व ही एक सिरफिरे ने अपने पड़ोस में रहने वाले दोनों बच्चों की उस्तरे से गला काट कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मुठभेड़ में एक आरोपी को ढेर कर दिया है। शेष को पकड़ने के लिए पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है।**********